EVENT REPORT

79th Independence Day Celebration cum North-East Cultural Extravaganza

The Dorbar Shnong Nongrim Hills in association with the Nongrim Hills Cultural Institute (N.H.S.S.&C.C.) organised the 79th Independence Day Celebration cum North-East Cultural Extravaganza on the 15th August 2025.

The Programme was hosted by a Cultural Dance from different states of the North Eastern region and as well folk songs blended with some western music. The Programme kick off with a welcome Address by the Rangbah Shnong(Headman) of the Dorbar, Mr. Bantylli Narry followed by a welcome song and drum beat by the Cultural Troupe of the Meban Nongrum & Party followed felicitation of Chief Guest, Guest of Honour & Special Guest.

The Event was attended by more than 800 people and a host of participants. The programme started from the Khasi dance, followed by a speech by the Guest of Honour Shri. Antonio Was (Ex-Executive Member KHADC. Followed by the special Number Dr. Machuanna, followed Felicitation of eminent personalities for their contribution to the Locality. Naga dance by Kamkara Hostel, Special Number by Dance Warrior resident of Nongrim Hills.
Recognition of Distinguish Personalities of the State and Garo dance by the resident of Nongrim Hills enlightened the evening.

Speech by the Chief Guest Shri. Ibobi Meitei (Adviser Horticulture) N.E.C. on the occasion of Independence Day was really praised by one and all present in the event when he spoke about the cordial relation of the Dorbar and NEC by recalling the past officials who had attended such programme in the past and which was followed by honouring the Meritorious Students of the Locality from SSLC/CBSE/ICSE to Post Grauate and other Professionals Courses, North East Cultural & Traditional Fashion Parade. Mizo Song & Dance by Mizo Girls Hostel, Nongrim Hills enthralled the audience in Le evening. The General Secretary, Dorbar Shong Mr. Kitborlang Kharmawphlang thender the Vote of thanks to all groups and individual who had made the Programme a huge success.

DORBAR SHNONG NONGRIM HILLS

DORBAR SHNONG NONGRIM HILLS

DORBAR HALL

कार्यक्रम रिपोर्य

79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह-सह-पूर्वोत्तर सांस्कृतिक महोत्सव

दरबार श्नोंग नोंग्रिम हिल्स की ओर से आपको सादर अभिवादन। सर्वप्रथम, यह सूचित करना है कि दरबार श्नोंग नोंग्रिम हिल्स द्वारा नोंग्रिम हिल्स सांस्कृतिक संस्थान (N.H.S.S.&C.C.) के सहयोग से दिनांक 15 अगस्त 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह-सह-पूर्वोत्तर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक नृत्यों के साथ-साथ पाश्चात्य संगीत से समन्वित लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दरबार के रंगबाह श्नोंग (ग्राम प्रधान) श्री बैंटिली नैरी के स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात मेबन नोंग्रुम एवं दल के सांस्कृतिक समूह द्वारा स्वागत गीत एवं ढोल वादन प्रस्तुत किया गया तथा मुख्य अतिथि, सम्माननीय अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का अभिनंदन किया गया।

इस कार्यक्रम में 800 से अधिक लोगों एवं अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ खासी नृत्य से हुआ, जिसके उपरांत सम्माननीय अतिथि श्री एंटोनियो वार (भूतपूर्व कार्यकारी सदस्य, KHADC) का संबोधन हुआ। इसके पश्चात डॉ. माचुआन्ना द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई तथा इलाके के प्रति उनके योगदान हेतु प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सम्मान किया गया। कामकारा छात्रावास द्वारा नागा नृत्य, नोंग्रिम हिल्स के निवासी 'डांस वॉरियर' द्वारा विशेष प्रस्तुति, राज्य की विशिष्ट हस्तियों का सम्मान तथा नोंग्रिम हिल्स के निवासियों द्वारा प्रस्तुत गारो नृत्य ने संध्या को आलोकित कर दिया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री इबोबी मैतेई (सलाहकार, बागवानी), उत्तर पूर्वी परिषद के संबोधन की उपस्थित सभी जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। अपने संबोधन में उन्होंने विगत वर्षों में ऐसे कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए पूर्व अधिकारियों का स्मरण करते हुए दरबार एवं उत्तर पूर्वी परिषद के मधुर संबंधों का उल्लेख किया। इसके पश्चात इलाके के SSLC/CBSE/ICSE से लेकर स्नातकोत्तर एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा पूर्वोत्तर सांस्कृतिक एवं पारंपरिक परिधान परेड आयोजित की गई। संध्या में मिज़ो बालिका छात्रावास, नोंग्रिम हिल्स द्वारा प्रस्तुत मिज़ो गीत एवं नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दरबार श्नोंग के महासचिव श्री किटबोरलांग खरमॉफलांग ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाने वाले सभी समूहों एवं व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

DORBAR SHNONG NONGRIM HILLS

ORBAR SHNONG NONGRIM HILLS

DORBAR HALL